# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - ।

: संयोजक :

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: कभनिसं/मुख्यालय/नराकास दक्षिण दिल्ली-I/2017 5799 दिनांक: 21 MAR 2018

सेवा में,

कार्यालय प्रभारी,
सभी संबंधित सदस्य कार्यालय,
नराकास दक्षिण दिल्ली-।

**विषय: दिनांक 19.03.2018 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त।**

महोदय/ महोदया,

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय एवं अध्यक्ष नराकास, डॉ. वी.पी. जोय, भा.प्र.से. की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2018 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

आपसे निवेदन है कि इस कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कर अनुपालन रिपोर्ट शीघ्र भेजने का कष्ट करें।

भवदीय,

**संलग्नक: यथोपरि।**

**(एन. के. मिश्र)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव,**
**नराकास, दक्षिण दिल्ली-।**

**सूचनार्थ प्रति:**

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
2. सचिवालय, संसदीय राजभाषा समिति, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिलली।
3. निदेशक, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
4. उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की दिनांक 19.03.2018 को आयोजित द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की द्वितीय छमाही बैठक दिनांक 19.03.2018 को अपराह्न 03:00 बजे संयोजक कार्यालय - कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय, भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 के तृतीय मंजिल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. वी.पी. जोय, भा.प्र.से., केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वारा की गई । बैठक में श्री नरेंद्र मेहरा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्र-। सहित कुल 55 कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख /प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की जानकारी परिशिष्ट-'।' में दी गई है।

बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालय प्रमुख एवं उपस्थित प्रतिनिधियों का सहर्ष स्वागत किया। इसके पश्चात् सभी उपस्थित सदस्यों/ प्रतिनिधियों द्वारा स्वपरिचय दिया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची पर चर्चा आरंभ हुई। सर्वप्रथम दिनांक 31.08.2017 को आलेख एवं साक्ष्य उप समिति की नराकास सदस्यों के साथ विचार-विमर्श बैठक के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं से सदस्य सचिव ने सदस्य कार्यालयों को अवगत कराया। विचार-विमर्श बैठक में निम्नलिखित कार्यालय शामिल थे:-

1. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय
2. रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक कार्यालय
3. उर्वरक उद्योग समन्वय समिति
4. राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय
5. रेल संरक्षा आयोग
6. भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ
7. भारतीय खेल प्राधिकरण
8. पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ
9. आंकड़ा प्रबंधन निदेशालय

10. राष्ट्रीय कैडेट कोर

माननीय श्री सत्यनारायण जटिया, संसद सदस्य / उपाध्यक्ष आलेख एवं साक्ष्य उप समिति के उदबोधन का सार आपके लिए प्रस्तुत है।

जटिया साहब ने अनुरोध किया कि आप निश्चित रूप से अपना कार्य गंभीरता से करें / अधिनियम की धाराओं का अनुपालन निश्चित रूप से करें। दुनिया के तमाम देश अपनी-अपनी भाषा में कार्य करते है- कोई अंग्रेजी में नहीं करता। एक हम हैं जो अपना काम अंग्रेजी में करते है। हमारा अंग्रेजी से कोई विद्वेश नहीं है- भाषाओं का ज्ञान तो महत्वपूर्ण है पर हमें प्रशासनिक कार्य करते समय देश के कानून का सम्मान तो करना ही होगा। आप कार्यालय प्रमुख है, आप इसका पालन आवश्य करें/ नियम - अधिनियम का निश्चित रूप से अध्ययन करें और समय से अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करें।

हम आपका सम्मान करते है- पर आप अपनी जिम्मेवारी का वहन करें। आप मांसिक रूप से खुद को तैयार करें ताकि हिंदी में कार्य कर सकें व करा सके। हमारी स्मिता की पहचान हमारी भाषा है। इस रूप में इसकी पहचान बनाने हेतु हम अपना कार्य करें। हमारी चूंकि आदत बन गई है अंग्रेजी में कार्य करने की । अब 54 साल हो गए हैं, कोई वजह नहीं होनी चाहिए कि हम हिंदी में कार्य न करें।

1. सिर्फ कार्यालय प्रमुख ही नराकास के सदस्य हैं। अत: नराकास बैठकों में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।

   अगली तीन बैठकों में अनुपस्थित कार्यालयों प्रमुखों की सूची सचिवालय को प्रेषित करने का भी निदेश दिया गया।

2. पत्राचार प्रशिक्षण, राजभाषा अधिनियम की पूरी जानकारी आदि पर बल दिया गया। उप निदेशक (कार्यान्वयन) सभी कार्यालयों को इस आशय के परिपत्र जारी करें कि सभी कार्यालयों में मानक के अनुरूप हिंदी के पद सृजित किए जाए एवं अविलंब सारे पद भरे जाए। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि दिल्ली स्थित सभी नराकास हेतु एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाए। उप निदेशक (कार्यान्वयन) इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

3. निरीक्षण प्रश्नावली सही भरी जाए।

   1. हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50 % अवश्य खर्च करें ।
   2. संगोष्ठी आयोजित करें।
   3. धारा 3(3) का निश्चित रूप से अनुपालन हो।

4. तिमाही बैठके नियमित रूप से निश्चित अंतराल पर की जाए।
5. कमजोर विषयों की पहचान कर कार्यशाला के माध्यम से हिंदी में कार्य करने हेतु कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें।
6. विज्ञापन पर खर्च होने वाली राशि का 50%- हिंदी पर अवश्य खर्च करें।

अध्यक्ष महोदय ने उप निदेशक (कार्यान्वयन) को निदेश दिए कि इस आशय के पत्र सभी सदस्य कार्यालयों को प्रेषित किए जाए कि मानक के अनुसार हिंदी पदों का सृजन हो तथा रिक्तियां अविलंब भरी जाए तथा उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि दिल्ली स्थित नराकास हेतु एक संयुक्त बैठक बुलाई जाए।

अत: में माननीय श्री जटिया जी ने कहा कि हिंदी भारत की सरकारी कामकाज की भाषा है, इसे सक्षम बनाने की आवश्यकता है। सरल, रोजमर्रा की भाषा का प्रयोग करें। हम संकल्प ले, जोश से जुड़ जाएं और हिंदी को राजभाषा के रूप में सशक्त करें ।

के.भ.नि.आ., अध्यक्ष, नराकास के निदेशानुसार, विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई, जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक : 28.07.2017 | सी-डॉट कार्यालय | कथा कहानी-कहो अपनी जुबानी |
| दिनांक : 12.09.2017 | क.भ.नि.सं., मुख्यालय | अपना हुनर दिखाएं |
| दिनांक : 20.09.2017 | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ | कहानी लेखन एवं कथा विस्तार प्रतियोगिता |
| दिनांक : 22.09.2017 | केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय) | स्वरचित कविता पाठ |

तदुपरान्त बैठक के दौरान, सदस्य सचिव श्री एन.के. मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा 01.07.2017 से 31.12.2017 तक की सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट की नोडल कार्यालयों द्वारा की गई समीक्षा पर प्रकाश डाला। सदस्य सचिव ने जिन नोडल कार्यालयों से समीक्षा प्राप्त नहीं हुई है उनसे अनुरोध किया कि वे भी समय पर अपने अधीनस्थ सदस्य कार्यालयों की समीक्षा रिपोर्ट भेजें। सभी कार्यालय मानक प्रोफ़ॉर्मा में अपनी रिपोर्ट भेजें । अलग-अलग तिमाही की रिपोर्ट ना भेजकर दो तिमाहियों की समेकित रिपोर्ट भेजें (छमाही रिपोर्ट के रूप में) । साथ ही उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने नोडल कार्यालय का यथासंभव सहयोग करें व अपनी रिपोर्ट सही समय से प्रेषित करें।

श्री नरेंद्र मेहरा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय उत्तरी क्षेत्र-। ने सर्वप्रथम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय द्वारा नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की द्वितीय बैठक का आयोजन किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुख का भाग लेना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सभी अपनी तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन भेजी

जाए जिससे कि क्षेत्रीय पुरस्कार के लिए अर्हक कार्यालय के नाम पर विचार किया जाएगा। हिंदी के रिक्त पदों को तुरंत भरने की व्यवस्था की जाए । सभी को हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए । 10 (4) के अधीन अधिसूचित कार्यालय, प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को व्यक्तिश: आदेश दिया जाए । रिपोर्ट के आंकड़े तथ्यपरक हों । तिमाही/ छमाही बैठक की सूचना अग्रिम रूप से दें ताकि क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के अधिकारी उस बैठक में भाग लें । इस समिति (नराकास, दक्षिण दिल्ली-।) की एक पत्रिका भी निकाली जाए । सभी कार्यालयों को शामिल करते हुए गतिविधियों का एक कैलेण्डर भी बनाए जाए ।

बैठक के दौरान सदस्य कार्यालयों से इच्छुक प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किए गए। प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग में हुई प्रगति का ब्योरा प्रस्तुत किया। कुछ प्रमुख सुझाव इस तरह थे: (1) नराकास कार्यालयों की एक संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया जाए। (2) विषयों के विशेषज्ञों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाए। (3) नरकास दक्षिण दिल्ली का वाट्स अप ग्रुप (Whats App Group) बना दिया जाए |

सी-डॉट कार्यालय से प्राप्त हिंदी रिपोर्ट द्योतक है कि उनके कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा या हिंदी माह नहीं अपितु हिंदी उत्सव के रूप में मनाया जाता है जिसमें उनके कार्यालय का प्रत्येक कर्मचारी कार्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेता है । यह माहौल बनाने के लिए जो कदम उठाए गए हैं उन्हें समेकित करते हुए श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा), सी-डॉट कार्यालय ने बताया कि हिंदी के नाम पर केवल नियम-अधिनियम न बताएं बल्कि रोचकतापूर्ण गतिविधियों को अपनाएं ताकि हिंदी अलग-अलग ना होकर मुख्य धारा मे आएं ।

रक्षा लेखा कार्यालय ने विचार व्यक्त किया कि आसपास के कार्यालयों के साथ विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी चाहिए ।

तत्पश्चात्, डॉ. वी.पी. जोय, अध्यक्ष, नराकास ने बैठक को संबोधित करते हुए नराकस, दक्षिण दिल्ली-। की द्वितीय छमाही बैठक में शामिल सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया तथा राजभाषा हिंदी के उतरोत्तर विकास हेतु नराकास स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्य कार्यालयों से अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने पर जोर दिया साथ ही उन्होंने उल्लेख किया कि सभी सदस्य कार्यालयों को अपनी वेबसाइट द्विभाषी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में बनानी चाहिए । सभी सदस्य कार्यालयों को अपनी रिपोर्ट समय पर प्रेषित करनी चाहिए । पिछली बैठक में जिन कार्यालयों ने जिन प्रतियोगिताओं के आयोजन की बात कही थी, उन्होंने आयोजित की जो एक सराहनीय

कदम है । उन्होंने इच्छा व्यक्त कि नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की अपनी एक रचनात्मक पत्रिका हो, इस दिशा में प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

बैठक का समुचित संचालन करते हुए श्रीमती सुनीता चौहान, व.हि.अ. ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि सभी कार्यालय अपने स्तर पर रचनाओं का चयन कर क.भ.नि.सं को भेजेंगे ताकि पत्रिका को समय पर प्रकाशित किया जा सके ।

श्री के.एल. गोयल, अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त /उपाध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-। ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नराकास की बैठकों में सभी कार्यालय प्रमुखों को अनिवार्य रूप से भाग लेना चाहिए । चूंकि इसकी रिपोर्ट राजभाषा विभाग को तथा संसदीय राजभाषा समिति को जानी है, अत: उनकी आपत्तियों से बचने के लिए यह आवश्यक है । राजभाषा के प्रति स्नेह/उत्तरदायित्व के लिए समय निकाला जाए तथा सभी आगामी बैठकों में सभी कार्यालय प्रमुख कृपया भाग लेना सुनिश्चित करें । प्रचार पर व्यय का भी ध्यान रखा जाए तथा हिंदी में विज्ञापन पर व्यय के लिए मानकों का ध्यान रखा जाए । नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की हिंदी पत्रिका के प्रकाशन पर जोर देते हुए उन्होंने सदस्य कार्यालयों से आग्रह किया कि कृपया हम इस दिशा में अविलंब कदम उठाएं एवं इसे मूर्त रूप दें। बैठक की समाप्ति श्री के.एल. गोयल, उपाध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-। द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ की गई, जिसमें उन्होंने अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सदस्यों से इस तरह के सौहार्दपूर्ण वातावरण में नराकास बैठक में हिंदी के राजकीय प्रयोग की समीक्षा एवं विकास पर विचार-विमर्श के लिए धन्यवाद ज्ञापन अर्पित किया।

(डॉ. वी.पी.जोय)
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त/अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति, दक्षिण दिल्ली-।

परिशिष्ट-I

नराकास, दक्षिण दिल्ली-I की प्रथम छमाही बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की सूची:

| क्र.सं. | सदस्य कार्यालय का नाम | अधिकारी का नाम और पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रादेशिक निदेशक (उ.क्षे.) कार्पोरेट कार्य कार्यालय, भारत सरकार सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-3 | ए.एम. सिंह, संयुक्त निदेशक |
| 2. | राष्ट्रीय कैडेट कोर, हेड ऑफिस, वेस्ट विंग -4, आर.के. पुरम नई दिल्ली -66 | श्री शंकर लाल, सहा. निदेशक |
| 3. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्य कार्यालय - शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली -110016 | श्री उदय नारायण खवाड़े, अपर आयुक्त<br>श्री राज सिंह यादव, सहा. निदेशक (रा.भा.) |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, अगस्त क्रांति भवन, नई दिल्ली-110066 | श्री जुवेल चंद्र डेका, संयुक्त सचिव (तक)<br>श्री राजेश कुमार सिन्हा, सहायक सचिव<br>श्री महेश साव, कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) |
| 5. | महानिदेशालय, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बल, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 | श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट / इनचार्ज ओएल |
| 6. | लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय अपराधशास्त्र एवं विधि विज्ञान संस्थान, सैक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-85 | श्री वाई.एम. उपाध्याय, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) |
| 7. | क्षेत्रीय प्रबंधक, केन्टीन भंडार विभाग, दिल्ली कैन्ट-110010 | श्री शक्ति कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक<br>सुश्री पूनम तिवारी |
| 8. | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, अरुणा आसिफ अली मार्ग, नई दिल्ली -110067 | श्री संदीप दत्ता, प्रबंधक (प्रशासन) |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली-110003 | श्री धर्मेन्द्र कुमार, व.हि.अ.<br>श्रीमती कमला तिवारी, व.हि.अ. |
| 10. | केन्द्रीय विद्यालय, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली-03 | श्री प्रताप कुमार पाल, स्नातकोत्तर शिक्षक हिंदी |
| 11. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110044 | श्री एन.एस. मेहरा, मुख्य कार्यकारी |
| 12. | राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, नरेला, दिल्ली-40 | डॉ. अनिल कुमार यादव, निदेशक |
| 13. | संगणक केंद्र, सांख्यिकी निदेशालय, आर.के. पुरम, नई दिल्ली | श्री पंकज श्रीवास्तव, निदेशक<br>श्रीमती प्रेम लता नारंग, सहायक निदेशक, राजभाषा |
| 14. | रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली कैन्ट-10 | श्री पुष्काल उपाध्याय, संयुक्त महानियंत्रक<br>श्री निवास शर्मा, सहायक निदेशक |
| 15. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी, जनकपुरी, नई दिल्ली | श्री नरेश कुमार, सहा. निदेशक (रा.भा.) |
| 16. | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, आर.के. पुरम | श्री एम.पी. शर्मा, संयुक्त निदेशक<br>श्री वीर भोज, सहा. निदेशक (रा.भा.) |
| 17. | दिल्ली छावनी परिषद, दिल्ली छावनी | श्री इंद्र सिंह, सलाहकार (राजभाषा)<br>श्री अमित कुमार मिश्रा, हिंदी अधिकारी |
| 18. | केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, उत्तरी खंड मुख्यालय, दिल्ली | श्री संजय कुमार गुप्ता, सहायक कमाण्डेंट |
| 19. | दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली | सुश्री पुनम माथुर, निदेशक<br>श्री सुनील कुमार विज, प्रभारी उप निदेशक (राजभाषा) |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली | श्री राजीव भसीन, रजिस्ट्रार<br>श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा) |
| 21. | रक्षा संपदा महानिदेशालय, रक्षा संपदा भवन, दिल्ली छावनी-110010 | श्री सुरेश नागर, उप महा निदेशक<br>श्री धनसिंह वर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा)<br>श्री विक्रम सिंह, अनुवादक |
| 22. | प्रधान आयुक्त कार्यालय, सीमा शुल्क निवारक, नवीन सीमा शुल्क भवन, नई दिल्ली-37 | श्री अख्तर रशीद, भा.रा.से., संयुक्त आयुक्त<br>श्री मदन मोहन भट्ट, वरिष्ठ अनुवादक |
| 23. | विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, वसंत कुंज, नई दिल्ली | श्रीमती उषा देवी सारस्वत, परामर्शदाता (राजभाषा) |
| 24. | बेतार अनुश्रवण संघटन, उत्तरी क्षेत्र, संचार मंत्रालय, नई दिल्ली | श्री सुखबीर सिंह, अभियंता |
| 25. | वायुसेना अभिलेख कार्यालय, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली | वा.अ. रमेश प्रसाद, शिक्षा अनुदेशक<br>श्रीमती वीना अरोरा, वरिष्ठ हि.अ. |
| 26. | केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली | श्रीमती अख्तर परवीन, हिंदी सहायिका<br>श्रीमती प्रेरणा कथूरिया, हिंदी अनुवादक |
| 27. | केन्द्रीय विद्यालय, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली | श्री प्रताप कुमार, सहा.अनु.अधि. |
| 28. | सशस्त्र सेना आधान केन्द्र, दिल्ली कैंट, दिल्ली | कर्नल रजत जगाणी, कमान अधिकारी |
| 29. | स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (कै.भ.वि.) दिल्ली छावनी | श्री अनिल वी. उमेश, व.ले.आ. |
| 30. | राष्ट्रीय आपदा मोचन बल निदेशालय, लोधी रोड, दिल्ली | श्री सुरेश कुमार, उप निदेशक (यंत्र) |
| 31. | रेल संरक्षा आयोग, उत्तर परिमंडल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-21 | श्री राजमल खोईवाल, उपायुक्त |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ए-2, पुष्पा भवन, नई दिल्ली-62 | श्री शंभु नाथ भगत, हिंदी अधिकारी |
| 33. | केन्द्रीय विद्यालय, पश्चिम विहार, अम्बिका विहार, नई दिल्ली-87 | श्री मुनेश कुमार शर्मा, स्नातकोत्तर शिक्षक<br>श्री कुलबीर सिंह, अ.श्रे.लि. |
| 34. | जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर, दिल्ली-1 | डॉ. बिमला नारा, राजभाषा प्रभारी |
| 35. | जवाहर नवोदय विद्यालय, जाफरपुर कलां, नई दिल्ली | डॉ. उषा कुमारी, प्राचार्या<br>श्री राजेन्द्र प्रसाद, पी.जी.टी, हिंदी |
| 36. | राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्रीमती सुषमा जुनेजा, व.हि.अ. |
| 37. | भारतीय खेल प्राधिकरण, लोधी रोड, नई दिल्ली | डॉ. राजीव सरीन, उप निदेशक / प्रभारी राजभाषा |
| 38. | कर्मचारी राज्य बीमा योजना, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली, तिलक विहार औषधालय, परिसर, नई दिल्ली-2 | सुश्री रोजबीन हेमरोम, सहायक निदेशक (राजभाषा)<br>सुश्री गीतांजलि अंतिल, व.हि.अ. |
| 39. | आंकड़ा प्रबंधन निदेशालय, पुष्पा भवन, दिल्ली | श्री राम रतन बंगा, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी<br>सुश्री प्रीति, हिंदी अनुवादक |
| 40. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, जी ब्लॉक, नई दिल्ली | श्री अनुप देशमुख, सहायक निदेशक<br>श्री हजारी लाल, सहायक निदेशक (राजभाषा) |
| 41. | पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-66 | श्री आर.के. आहुजा, निदेशक<br>श्री राजीव रंजन, अपर निदेशक |
| 42. | राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (कृषि मंत्रालय) अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110044 | श्री मोहन कुमार मिश्रा, सचिव |
| 43. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (सीमा सड़क), सीमा सड़क भवन, दिल्ली छावनी- 10 | श्री कृष्ण गोयल, सहायक निदेशक (रा.भा.) |

| | | |
|---|---|---|
| 44. | रक्षा संपदा कार्यालय, दिल्ली छावनी- 10 | श्री आलोक गुप्ता, रक्षा संपदा अधिकारी,<br>श्री मयंक द्विवेदी, हि.अनु. |
| 45. | राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय, लाजपत नगर, नई दिल्ली | श्रीमती मधु जोशी, अनुवादक |
| 46. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्री आशीष द्विवेदी |
| 47. | क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, डब्लू-6 ओखला | श्री पवन कुमार, कनिष्ठ रसायनज्ञ |
| 48. | भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम परिसर (पूवी द्वारा) नई दिल्ली-03 | श्री संजय सारस्वत, क्षे. निदेशक |
| 49. | अपर महानिदेशक, माल एवं सेवाकर महानिदेशालय, एम.टी.एन.एल. भवन, दिल्ली-66 | श्री एस.के. रहमान, अपर महानिदेशक |
| 50. | आयुक्त का कार्यालय, केन्द्रीय माल और सेवाकर, लेखा परीक्षा-II, प्रथम तल, ई.आई.एल अनेक्से भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली | मो. अबु सामा, अपर आयुक्त<br>श्री राहुल यादव, कर सहायक |
| 51. | डाक जीवन बीमा निदेशालय, चाणक्यपूरी डाक घर, नई दिल्ली-27 | श्री सुधांशु मोहन, व.सं.स. |
| 52. | स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, कैन्टीन स्टोर विभाग क्रिबी पैलेश, दिल्ली छावनी | श्री कृष्ण कुमार, लेखा अधिकारी |
| 53. | आधार चिकित्सालय भा.ति.सी.पु., तिगड़ी कैम्प, नई दिल्ली-80 | श्री सुशाल कुमार, नि./भेषज्ञ आ.चि., भा.ति.सी.पु. |
| 54. | ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़, नई दिल्ली-43 | डॉ. चरण सिंह, निदेशक |
| 55. | भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, |